RAF SECTOR
NEWS CLIP
31/07/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Wazirabad, (Delhi)

छात्रों को घर पर तिरंगा लगाने को किया प्रेरित

वि, पूर्वी दिल्ली: तुकमीरपुर विस्तार स्थित पुष्पांजलि माडर्न पब्लिक स्कूल में एक देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आरएएफ 103 बटालियन के सहायक कमांडेंट बाबूलाल पारिक मौजूद रहे। स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति कार्यक्रम पेश कर लोगों का मन मोह लिया।

सहायक कमांडेंट बाबूलाल पारिक ने विद्यार्थियों में देशभक्ति का जज्बा बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अपने घर में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के मैनेजर योगेश वत्स ने विद्यार्थियों से कहा कि देशभक्ति की भावना मात्र 15 अगस्त व 26 जनवरी के दौरान नहीं होनी चाहिए, बल्कि पूरे जीवन देशभक्ति जीवंत रहनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों व अभिभावकों से कहा कि जहां भी किसी फौजी या फोर्स से रूबरू हो तो उनका अभिवादन कर उनकी हौसला अफजाई जरूर करें।

स्कूली विद्यार्थी के साथ हाथ में तिरंगा लिए सहायक कमांडेंट बाबूलाल पारिक व अन्य ● सौ. स्कूल

Dainik Jagran, Lucknow, (UP)

संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च, सुरक्षा के निर्देश

पहली मुहर्रम पर शाही जरी जुलूस के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर ने संवेदनशील इलाकों में की गश्त

जासं, लखनऊ : पहली मुहर्रम पर शाही जरी का जुलूस रविवार छह बजे पुराने लखनऊ में निकाला जाएगा। इस बाबत पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के निर्देशन में डीसीपी पश्चिम एस चन्नप्पा, एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा, एसीपी आईपी सिंह ने अर्द्धसैनिक बल और पुलिस बल के साथ बैठक की। इसके बाद संवेदनशील इलाकों और जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मुहर्रम को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुराने लखनऊ में ऊंची इमारतों पर सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। वहीं, पुराने लखनऊ के नौ अति संवेदनशील स्थल समेत अन्य स्थलों पर ड्रोन और सीसी कैमरों से निगरानी की जाएगी। चौक कोतवाली में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जेसीपी पीयूष मोर्डिया ने बताया कि पुराने लखनऊ को पांच जोन और 18 सेक्टर में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। करीब 1800 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान बम निरोधक दस्ता और अग्निशमन की गाड़ियां और पीएसी, आरएएफ भी तैनात रहेंगी। संदिग्धों पर नजर रहेगी। एडीसीपी और एसीपी स्तर के 40 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 64 स्थलों पर सीसी कैमरे लगाए गए हैं। एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा के मुताबिक माहौल बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रहेगी। इंटरनेट मीडिया पर किसी भी प्रकार के भड़काऊ मैसेज वायरल करने वालों पर भी नजर रहेगी।

पहली मुहर्रम के जुलूस के और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुराने लखनऊ के संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ गश्त करते पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर, डीसीपी पश्चिम एस चन्नप्पा और एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ● सौजन्य - पुलिस

मंडलायुक्त ने तैयारियों को परखा : मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट है। मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब ने पुलिस और प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिए कि पहले से तय रास्तों पर ही जुलूस निकाले जाएं और किसी तरह का उपद्रव करने वालों से सख्ती से निपटा जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि मुहर्रम के जुलूसों के लिए नगर निगम, लेसा, जल संस्थान, चिकित्सा, लोक निर्माण, जल निगम, एलडीए अपने कार्य समय से पूरा करें। प्रत्येक रास्ते की निगरानी की जाए। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि जलूसों एवं मजलिसों के अवसर पर शांति व्यवस्था बनी रहे। सार्वजनिक स्थानों से पोस्टर-बैनर हटाए जाएं। आइजी लक्ष्मी सिंह ने पुलिस को गश्त करने और उपद्रवियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए।

जुलूस को लेकर बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

पहली मुहर्रम पर शाही जरी के जुलूस के मद्देनजर रविवार को पुराने लखनऊ की यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। डायवर्जन शाम छह बजे से लागू होगा। इस दौरान वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से गुजरना होगा। यह जानकारी डीसीपी ट्रैफिक ने दी।

इधर से नहीं जा सकेंगे

- सीतापुर रोड से आने वाले वाहन डालीगंज क्रासिंग से पक्का पुल के रास्ते इमामबाड़ा की ओर
- हरदोई रोड से कोनेश्वर चौराहे से घंटाघर की ओर
- कैसरबाग से पक्का पुल के रास्ते सीतापुर रोड को
- कैसरबाग से हरदोई रोड के जाने वाले वाहन पक्का पुल की ओर
- हुसैनाबाद तिराहा से छोटा इमामबाड़ा होकर घंटाघर को
- चौक चौराहे से खुन-खुन जी गर्ल्स कालेज से नीबू पार्क तिराहे की ओर
- शाहमीना तिराहे से पक्का पुल के रास्ते इमामबाड़े की ओर
- नया पुल बंधा तिराहे से पक्का पुल चौराहे की ओर
- नक्खास तिराहे से विक्टोरिया स्ट्रीट को
- चरक चौराहे से नक्खास तिराहा या फूलमंडी, नीबू पार्क चौराहे को
- कुड़िया घाट रोड तिराहा से नीबू पार्क चौराहे को
- पक्का पुल चौराहे से बड़ा इमामबाड़ा, रूमी गेट चौराहा, घंटाघर तिराहा से छोटा इमामबाड़ा को

इधर से जा सकेंगे

- डालीगंज क्रासिंग से चौराहा नंबर आठ, आईटी चौराहे के रास्ते
- चौक मेडिकल क्रास के रास्ते
- डालीगंज पुल से दाहिने आईटी चौराहा, कपूरथला चौराहा के रास्ते
- शाहमीना तिराहे से बायें मेडिकल कालेज चौक, कोनेश्वर से
- चरक चौराहा, चौक से कोनेश्वर अथवा डालीगंज पुल चौराहे से दाहिने आईटी चौराहा के रास्ते
- नया पुल से खदरा के रास्ते
- रकाबगंज पुल, बाजारखाला के रास्ते

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

103RAF DISTRIBUTED NATIONAL FLAGS UNDER “HAR GHAR TIRANGA” PROGRAMME, WAZIRABAD, (DELHI)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।